आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत मंडपम में आज साहिबज़ादों के बलिदान को नमन करेंगे।
- आतंकवाद रोधी सम्मेलन का गृहमंत्री अमित शाह उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद के उभरते हाइब्रिड खतरों पर विस्तृत चर्चा होगी ।
- सुनामी त्रासदी पीड़ितों की स्मृति में उप–राज्यपाल सुनामी मेमोरियल में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।
- प्रातरापुर ब्लॉक में अंडमान महिला मंडल परिसर में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर बाल दिवस पर आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता भी उपस्थित रहेंगे। वीर बाल दिवस श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के वीरतापूर्ण बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। अत्याचार के सामने अटूट साहस के प्रतीक और कम उम्र में उनका बलिदान भारतीय इतिहास के सबसे मार्मिक अध्यायों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनवरी दो हजार बाईस में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दौरान हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्रालय ने कहा है कि दो दिन का यह सम्मेलन आतंकवाद रोधी अभियानों में लगे सैन्य बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार–विमर्श करने का एक मंच है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए औपचारिक और अनौपचारिक चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल स्थापित करना होगा। मंत्रालय ने कहा है कि सम्मेलन में

अन्य के अलावा विदेशी न्यायालयों से साक्ष्य जुटाने, आतंकवाद रोधी जांच में डिजिटल फोरेंसिक और डेटा विश्लेषण, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते हाइब्रिड खतरों पर सत्र शामिल किए जाएंगे।

<><><><><><>

महाराष्ट्र में आतंकवाद निरोधी दस्ते –ए टी एस ने गिरफ्तार सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर को फिर से हिरासत में ले लिया है। ए टी एस ने अदालत को बताया कि जुबैर के टेलीग्राम अकाउंट में अफगानिस्तान और हांगकांग के इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस मिले हैं, जिसकी वह जांच कर रहा है। ए टी एस ने जुबैर हंगरगेकर को अक्टूबर में अल कायदा और अल कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसे प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों और कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। पुणे की गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संबंधी विशेष अदालत ने उसे तीन जनवरी तक ए टी एस की हिरासत में भेजा था।

<><><><><><>

ओडिशा में सुरक्षा बलों द्वारा एक माओवादी सर्वोच्च नेता गणेश उइके का मारा जाना राज्य में माओवादी कैडर के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। गणेश उइके प्रतिबंधित सी पी आई का सेंट्रल कमेटी के सदस्य और ओडिशा का इंचार्ज था। देश के अलग–अलग हिस्सों में कई बड़े माओवादी हमलों के सिलसिले में उसकी तलाश थी। यह ऑपरेशन स्पेशल इंटेलिजेंस विंग को मिली खास खुफिया जानकारी के बाद शुरू किया गया था। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में पांच अन्य माओवादी भी मारे गए। बाकी बचे माओवादियों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आसपास के जंगल इलाकों में तलाशी और कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं। इस बीच, ओडिशा पुलिस के डायरेक्टर जनरल, वाई. बी. खुराना ने कहा कि राज्य पुलिस ने अगले साल मार्च तक ओडिशा में माओवादी गतिविधियों को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से छब्बीस दिसंबर दो हजार चार में आए विनाशकारी सुनामी की इक्कीसवीं बरसी पर आज जल क्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी मेमोरियल’ में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सुबह साढ़े सात बजे स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित करेंगे। इस दौरान स्मारक स्थल पर एक ‘सर्व धर्म प्रार्थना सभा’ का आयोजन किया जाएगा। आम जनता, पंचायती राज संस्थानों, विभागाध्यक्षों और प्रशासन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मध्य प्रदेश में रीवा में आयोजित प्राकृतिक खेती पर किसानों के एक सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश भर में लगभग चालीस लाख किसान पहले ही प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं अपने खेत में प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया है और उत्पादन में वृद्धि देखी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित थे। अमित शाह ने बसामन मामा गौशाला का दौरा किया और कहा कि यह छोटे किसानों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल है।

<><><><><><><>

श्री विजय पुरम के 'माई भारत' की ओर से कल प्रातरापुर ब्लॉक के लिए अंडमान महिला मंडल परिसर में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरूषों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। चिन्मय मिशन के अध्यक्ष स्वामी शुद्धानंद सरस्वती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्वस्थ और अनुशासित समाज के निर्माण में खेलों के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शारीरिक फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि बैडमिंटन कोच उदय कुमार ने अनुशासन और खेल गतिविधियों में नियमित भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। 'माई भारत' के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिश्वास ने आयोजन की सराहना की, जबकि वॉलीबॉल विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार ने युवाओं को समग्र विकास के लिए खेलों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय अंडमान महिला मंडल की सचिव डॉ. सुनीता पाटिल ने किया। अंडमान महिला मंडल ने द्वीपों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए टेबल टेनिस बोर्ड उपलब्ध कराया है।

<><><><><><><>

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बांग्लादेश में गैर–मुसलमानों के खिलाफ अकल्पनीय अत्याचार कर रही है। अपदस्थ प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अवैध रूप से सत्ता हथियाने वाली वर्तमान सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों को जलाकर मार डालने जैसी दिल दहलाने वाली घटनाएं करवा रही है। उनका यह बयान पिछले सप्ताह बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या किए जाने की घटना के संदर्भ में आया है। कल क्रिसमस के अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने यूनुस सरकार पर सभी धर्मों और समुदायों के लोगों की अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बांग्लादेश के लोग इस कठिन समय को और अधिक समय तक नहीं चलने देंगे। पिछले साल अगस्त में हसीना सरकार के सत्ता से

हटने के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ कई घटनाओं से हिंदू आबादी प्रभावित हुई है।

**<><><><><><><>**